# स्टेट हाइवे 18 पर अंधे मोड़ बने खतरा

## हाइवे से प्रतिदिन निकलते हैं दस हजार छोटे-बड़े वाहन

- स्थानीय लोगों ने की सुधार की मांग
- एमपीआरडीसी विभाग ने नहीं लगाए संकेतक



**सलामतपुर, 04 नवंबर. विदिशा स्टेट हाईवे क्रमांक 18 पर स्थित सलामतपुर द्वारकाधीश मंदिर मोड़, बेरखेड़ी चौराहा, लांबाखेड़ा जोड़ और कुलहड़िया के पास बने अंधे मोड़ यात्रियों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं. इन स्थानों को अब ब्लैक स्पॉट कहा जाने लगा है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर मोड़ों की बनावट इतनी तंग है कि वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहन नजर नहीं आते. कई बार तेज रफ्तार वाहन आमने-सामने टकरा जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो चुके हैं. लोगों ने संबंधित विभाग से इन अंधे मोड़ों को खत्म करने या सुधारने की मांग की है.

स्थानीय निवासी हसन मंसूरी, दीपक अहिरवार और कपिल साहू ने बताया कि यहां रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन मोड़ इतने खतरनाक हैं कि कभी भी अनहोनी हो सकती है. लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करे, ताकि भोपाल-विदिशा हाईवे पर सफर सुरक्षित हो सके.

कस्बे में भोपाल विदिशा हाइवे द्वारकाधीश मंदिर के सामने अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है. अभी कुछ समय पहले ही एक तेज़ रफ़्तार कार एक युवक को टक्कर मारते हुए द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई. टक्कर से युवक के हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं. इस घटना में कार चालक ने तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए एक युवक इंद्रजीत सिंह पिता मान सिंह शिल्पकार जो अपनी मोपेड एमपी 38 एस 1034 से घर से दुकान की ओर जा रहा था को टक्कर मारते हुए मंदिर की दीवार में घुस गई थी. कार की टक्कर से इंद्रजीत को हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं. उसकी मोपेड भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी. एक और मामले में तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो कार द्वारकाधीश मंदिर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई थी. जिसमे मंदिर का काफी नुकसान हुआ था. गौरतलब है कि इस अंधे मोड़ पर सुरक्षा के कोई भी उपाय नही किये गए हैं. यहां पर संकेतक भी नही लगाए गए हैं. जिसकी वजह से वाहन चालकों को मोड़ का पता नही चलता और दुर्घटना हो जाती है.

### इनका कहना है

भोपाल विदिशा हाइवे 18 द्वारकाधीश मंदिर सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, लांबाखेड़ा और कुल्हाड़िया गांव के सामने अंधे मोड़ की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती है. यहां पर सुरक्षा के कोई भी उपाय एमपीआरडीसी विभाग द्वारा नही किये गए हैं. विभाग को इस और ध्यान देकर समस्या का समाधान करना चाहिए.

**रघुवीर सिंह मीणा,**
सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई.


### आए दिन रहता है हादसों का खतरा

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है. यहां से प्रतिदिन लगभग दस हज़ार वाहन निकलते हैं जिनमें लगभग दो सौ यात्री बसें भी शामिल हैं जो विदिशा, रीवा, टीकमगढ़,छतरपुर, सागर ,बीना, ललितपुर , झाँसी कानपुर, लखनउ और इंदौर जाने वाली चार्टेड बसें तो अंधी रफ़्तार से चलती ही हैं. इसके साथ ही भोपाल से विदिशा चलने वाली बसें, डंपर, ईंट, ढोने वाली 407 , डीजल टेंकर अंधी रफ़्तार से चलते हैं. जिससे इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाए होती रहती हैं. और यातायात विभाग इन वाहनों से सिर्फ चौध वसूली कर अपनी डियूटी पूरी कर लेता है. शासन प्रशासन को शीघ्र इस और ध्यान देकर समस्या का समाधान करना चाहिए.

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विधायक डॉ. चौधरी की स्वर्गीय माताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायसेन, 04 नवम्बर. मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को रायसेन जिले के ग्राम बेरखेड़ी में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माताजी के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर श्रृद्धांजली दी. उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विधायक डॉ चौधरी तथा परिजन को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की.**

राजस्व मंत्री श्री सिंह ने बेरखेड़ी पहुंचकर विधायक डॉ चौधरी की स्वर्गीय माताजी को अर्पित किए श्रृद्धासुमन रायसेन, 04 नवम्बर. मप्र शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा रायसेन जिले के ग्राम बेरखेड़ी में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माताजी के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए और विधायक डॉ चौधरी तथा परिजन को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की गईं.



# श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का सानिध्य किया प्राप्त

**बम्होरी,04 नवम्बर . नगर के प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य सीताराम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर पांसी घाट वाले गुरुजी रामदास त्यागी महाराज (टाटांबरी सरकार) का आगमन हुआ. उनके दर्शन और आशीर्वचन पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे. सनातनी मंडल पंचमुखी एवं कस्बा बम्होरी के सभी श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का सानिध्य प्राप्त किया. मंदिर प्रांगण में एक ओर राम धुन का सामूहिक संकीर्तन गूंजता रहा, तो दूसरी ओर संत-महात्माओं के दर्शन से भक्तों में उल्लास छा गया. पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और नगर में एक अलौकिक भक्ति रसधारा प्रवाहित हो गई. अपने प्रवचन में गुरुदेव टाटांबरी सरकार ने कहा कि राम का नाम ही महान है. जब उनके नाम से पत्थर तैर सकते हैं, तो हम सजीव प्राणी क्यों नहीं उन्नति कर सकते ? इसलिए हर व्यक्ति को प्रभु नाम का निरंतर जाप करना चाहिए. इस आध्यात्मिक आयोजन ने पूरे कस्बे में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया.



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 04 नवम्बर.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया. कलेक्टर विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण किया. कुछ प्रकरणों में उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक कलेक्टर अंकित कुमार जैन, अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे. अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ तथा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित रहे.

## भावांतर योजना के तहत संचालित है हेल्पलाइन कॉल सेंटर

**रायसेन.** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में मदद के लिये भावांतर हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ की गई है. हेल्पलाइन का दूरभाष नंबर-0755-2704555 है. योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए किसान, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड/ मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है. यह हेल्पलाइन 30 अक्टूबर 2025 से शुरू हो गई है तथा निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी. हेल्पलाइन प्रतिदिन प्रात: 07 बजे से रात्रि 11 बजे तक निरंतर कार्य करेगी.

# जिला स्तरीय युवा संगम मेला 11 को

**सलामतपुर,04 नवंबर. जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 11 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत सांची में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है.**

जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 11 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है. इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी. इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, नाहर कम्पनी लिमिटेड मंडीदीप, वर्धमान यॉन मण्डीदीप, इंसुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप, यश्यवी ग्रुप मण्डीदीप, सागर मेनिफेक्चर तामोट, होम हेल्प सेंटर रायसेन, हकाई सिकरोटी मण्डीदीप, आर सेठी रायसेन, वोल्वो आयशर वगरोदा, टाटा मोटर्स अहमदावाद जिला रायसेन द्वारा विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है. आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है. इस अवसर पर ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं उन्हें विभिन्न स्वरोजगारमूलक विभागों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा.

## विभागों की संयुक्त बैठक : गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान पर दिया जोर

**सलामतपु.** सांची सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई. बैठक में गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन, कुपोषित बच्चों की पहचान और एनीमिया सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के सर्वे की प्रगति पर चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता सीडीपीओ आशा सिंह और सांची विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि राठौर ने संयुक्त रूप से की. दोनों अधिकारियों ने टीमों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम और वार्ड में घर-घर जाकर वास्तविक आंकड़े एकत्र किए जाएं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार और पोषण सहायता मिल सके. बैठक में यह तय किया गया कि चिन्हित गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच हुई.



# रोक के बावजूद खेतों में खुलेआम पराली जला रहे क्षेत्र के किसान

**सिलवानी,04 सितम्बर. प्रशासन द्वारा प्रतिबंध और जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी तहसील क्षेत्र के कई गांवों में किसान खेतों में धान की पराली जलाते देखे जा रहे हैं. इससे न केवल वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि भूमि की उपजाऊ क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है.**

प्रशासन ने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए खेतों में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है. इसके बावजूद किसान आगामी फसलों गेहूं और चना — की अगेती बुआई के लिए धान की कटाई के बाद खेतों में आग लगा रहे हैं, ताकि जल्दी जुताई की जा सके. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पराली जलाने से मिट्टी का तापमान अचानक बढ़ जाता है, जिससे उसकी उपजाऊ शक्ति घटने लगती है. मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु और किसान मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं. इससे फसलों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है. पराली से उठने वाला धुआं वायुमंडल में कार्बन, सल्फर और अन्य हानिकारक गैसों का स्तर बढ़ाता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण फैलता है. इसका असर न केवल मौसम पर बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से पड़ता है.

### प्रशासन की चेतावनी और अपील

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पराली जलाने से बचें और वैकल्पिक उपाय अपनाएँ, जैसे पराली प्रबंधन यंत्रों का उपयोग, मल्चर या हैप्पी सीडर मशीन से बुआई करना. साथ ही पराली जलाते पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है.

## हुतात्मा दिवस पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

**सिलवानी,04 नवम्बर.** हुतात्मा दिवस के अवसर पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सिविल अस्पताल बरेली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया.

कार्यकर्ताओं ने बताया कि रक्तदान एक श्रेष्ठ कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि अनेक प्रकार के दान हैं, परंतु रक्तदान का अपना विशेष महत्व है क्योंकि यह मानवता की सच्ची सेवा है. यह रक्तदान शिविर हुतात्माओं की स्मृति को समर्पित था. शिविर में एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहायक होगा.

# एसडीएम ने बिना रॉयल्टी के ईटों से भरा वाहन पकड़ा

## सुरक्षा की दृष्टि से जब्त वाहन को सलामतपुर थाने में किया खड़ा



**सलामतपुर,04 नवम्बर. रायसेन एसडीएम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए बगैर रॉयल्टी के ईंटों का परिवहन करते सड़क पर दौड़ रहे 407 वाहन पर कार्रवाई की गई है.**

इसमें सलामतपुर थाना क्षेत्र के गीदगड़ से एक 407 वाहन को जो ईंटों का परिवहन करते हुए एसडीएम मनीष शर्मा ने रोका और उनकी रॉयल्टी चेक करने पर रॉयल्टी नहीं मिली. जिन्हें ज़ब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से सलामतपुर में खड़ा कर दिया गया है. और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

बता दें की सांची ब्लॉक क्षेत्र में बिना रॉयल्टी के ईंटों का परिवहन करते हुए धड़ल्ले से 407 वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं. जिनकी शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों को लंबे समय से मिल रही थी .शिकायत मिलने पर रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने सांची नायब तहसीलदार के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की और एक 407 वाहन एमपी04 जीए 3478 को पकड़कर ज़ब्त किया है जो बिना रायल्टी के ईंटें भरकर भोपाल ले जा रहे थे. विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी.



# पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य शिविर में 34 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बेगमगंज,04 नवम्बर. भारतीय स्टेट बैंक की कृषि वाणिज्यिक शाखा, बेगमगंज द्वारा सोमवार 4 नवम्बर को बैंक परिसर में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

नवंबर माह में सभी पेंशनर्स को अपने बैंक में जीवन प्रमाण पत्र जमा कराना होता है. इसी के तहत बैंक के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी कुमार पटेल के निर्देशन में विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई. खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन तोमर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने कुल 34 वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक औषधि और परामर्श प्रदान किया. इस अवसर पर बैंक द्वारा पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की विशेष सुविधा के साथ-साथ पेंशन ऋण, वरिष्ठ नागरिक जमा योजना और डिजिटल फ्रॉड से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई.

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 की कार्रवाई प्रारंभ

**रायसेन.** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (स्ढ्ढक्र) कार्यक्रम की प्रक्रिया जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में प्रारंभ हो गई है. बीएलओ द्वारा 04 नवम्बर से मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है तथा यह प्रक्रिया 04 दिसम्बर तक जारी रहेगी. सर्वे उपरांत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा. दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे.

**शिकायत** — शिक्षक पर बच्चों से अभद्र व्यवहार और मारपीट का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

# ग्राम अर्जनी से पालक और छात्रा ने पैदल पहुंचकर थाने में दिया आवेदन

**सिलवानी/ बम्होरी,04 नवम्बर . ग्राम अर्जनी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अब्दुल लतीफ खान पर विद्यालय के बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं. इस घटना से ग्रामवासियों एवं पालकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार तीन नवंबर को शिक्षक अब्दुल लतीफ खान सुबह लगभग 11 बजे विद्यालय पहुंचे. बच्चों ने जब नियमित रुप से पढ़ाई करवाने का आग्रह कियाए तो शिक्षक ने गाली-गलौज करते हुए तीन विद्यार्थियों के साथ मारपीट की और बच्चों को स्कूल से बाहर निकालकर स्कूल में ताला लगाकर वहां से चले गए. आक्रोशित ग्रामीणों एवं पालकों ने छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम अर्जनी से तीन किलोमीटर रैली के माध्यम से पैदल चलकर शिक्षक के विरुद्ध नारे बाजी करते हुए थाना परिसर बम्हौरी पहुंचे. इस दौरान मामले की लिखित शिकायत ग्रामीणों ने थाना थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार को सौंपी साथ ही कलेक्टर एवं एसपी के नाम भी आवेदन दिया. जिसमें उक्त शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है. ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का व्यवहार बच्चों के मनोबल और शिक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम सेन ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि शिक्षक का ऐसा व्यवहार निंदनीय है.

ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे विद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे. ग्रामीणों का कहना है कि उक्त शिक्षक का व्यवहार पहले से ही असंवेदनशील एवं अनुशासनहीन रहा है. वे बिना सूचना दिए अनुपस्थित रहते और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं. विद्यालय में कक्षा पांचवी की छात्रा कीर्ति यादव, छात्र शिवा आदिवासी, रविन्द्र आदिवासी, ब्रज मोहन कुशवाहा ने बताया कि शिक्षक अब्दुल लतीफ खान हमसे गाली .गलौज कर कहते हैं कि हम तो केवल उर्दू पढ़ा सकते हैं.

# सिंधी समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**रायसेन,04 नवंबर.जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को आज जनता दरबार में सिंधी समाज ने ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में कहां है. सविनय निवेदन है कि अमित बघेल नामक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रूप से ( सोशल मीडिया/सभा वीडियो आदि के माध्यम से सिंधी समाज के इष्ट देव झूलेलाल भगवान के प्रति अपमान जनक एवं आपत्ति जनक शब्दों का प्रयोग किया गया है.**



इस कृत्य से सपूर्ण सिंधी समाज की धार्मिक भावनाऐं अत्यंत आहत हुई हैं झूलेलाल भगवान हमारे आराध्य देव है, जिनकी श्रद्वा पूरे समाज में अटूट आस्था का प्रतीक है. ऐसी असंवेदनशील टिप्पणी धार्मिक सद्भाव, सामाजिक एकता एवं सार्वजनिक शांति के लिये भी हानिकारण है.अत: आपसे निवेदन है कि उक्त प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत् रखते हुये अमित बघेल के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाये. ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी धर्म या समाज के इष्ट देव के प्रति ऐसी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न कर सकें.